तापमान
अधिकतम 13.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

10 राजस्व विभाग के लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के....


10 छात्रा कनुप्रिया ने बढ़ाया इंडस स्कूल का मान


## खबर संक्षेप

### मकान का ताला तोड़ जेवरात-नकदी उड़ाई

**जींद।** सीआईए वाली गली नरवाना में बीती रात चारों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात तथा तीन लाख 80 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए वाली गली निवासी ललित शर्मा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** सिंगापुर भेजने के नाम पर ठगी करने के मामले की जांच इकोनॉमिक सेल प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रोहताश सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव बारणा जिला कुरुक्षेत्र निवासी सुनील रंगा को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव हरसौला निवासी राजबीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### खाते से 2.43 लाख गायब धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जींद।** सफीदों में बैंक उपभोक्ता के खाते से दो लाख 43 हजार 500 रुपये गायब होने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी इंद्रवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बैंक की उपभोक्ता है। 12 दिसंबर को उसके खाते से दो लाख 43 हजार 500 रुपये गायब हो गए।

### जनकपुरी कॉलोनी में मारपीट में एक घायल

**कैथल।** जनकपुरी कॉलोनी में हुई मारपीट में व्यक्ति घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया है। जनकपुरी कॉलोनी कैथल के प्रदीप ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 31 दिसंबर को बाद दोपहर करीब 3:00 बजे सुमित, संदीप ने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे पर लाठी और डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

### परिवार के साथ मारपीट करने पर आठ नामजद

**जींद।** गांव अशरफगढ़ में कहासुनी के चलते मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अशरफगढ़ निवासी विरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी तथा उसके भाई सुरेंद्र की बेटी विवाहित है। सुरेंद्र की बेटी रूठ कर मायके आई हुई है। उसका दामाद तथा बेटी गांव अशरफगढ़ आए हुए थे।

### राज्य पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों और स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए राज्य पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में पात्र व्यक्तियों और संस्थाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाएंगे।

### चरस सप्लायर दिल्ली से गिरफ्तार, पूछताछ जारी

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने चरस स्पलायर को गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ कर रही है। थाना उचाना के प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि पुलिस ने बाइक सवार भिड़ताना निवासी दिलबाग गांव बड़ौदा निवासी रणधीर वासी बडौदा को वर्ष 2024 में काबू कर 1.40 किलोग्राम चरस बरामद की थी।

### प्रताड़ना के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** थाना सदर पुलिस कैथल ने एक महिला की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व गांव उझान के कृष्ण के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी।

## नागरिक अस्पताल में कायाकल्प की टीम ने जांची व्यवस्थाएं

# इमरजेंसी वार्ड और पेशेंट वार्ड में स्वच्छता को लेकर खामियां मिलीं

### 70 अंक मिले तो अस्पताल होगा पास, नहीं तो जांच में हो जाएगा फेल

**सफाई व्यवस्था को लेकर जवाब नही दे पाए अधिकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



जींद। निरीक्षण करते कायाकल्प टीम।



फोटो :हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में वीरवार को तीन सदस्यीय चिकित्सक कायाकल्प टीम ने साढ़े पांच घंटे तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक-एक कर अस्पताल प्रशासन को खामियां गिनाने काम किया गया। टीम ने इमरजेंसी वार्ड, आईसीयू, लैब, लेबरू रूम, ओपीडी सहित अन्य वार्डों की जांच की। इमरजेंसी वार्ड और वार्ड के पीछे पेशेंट वार्ड में स्वच्छता को लेकर खामियां मिली। जिस पर टीम ने स्वच्छता को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की और से सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में साफ-सफाई, इंफेक्शन कंट्रोल, बायोमेडिकल वेस्ट डिस्पोजल व पेंशेंट केयर से संबंधित कुछ नियम निर्धारित किए गए हैं। जो अस्पताल इन मानकों पर खरा उतरता है, उसे कैश अवार्ड दिया जाता है। अब टीम द्वारा अपनी जांच रिपोर्ट के आधार पर रैंक दिया जाएगा और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी। अगर जींद अस्पताल को 70 से अधिक अंक मिलते हैं तो कैश पुरस्कार पक्का होगा। जिससे सुविधाएं और बेहतर की जा सकेंगी। कायाकल्प टीम डा. गगन सिंगला (एएसएमओ डीसीएच पंचकूला), डा. ममता धीमान (एमओ एसडीएच कालका), डा. नूरीन (एमओ अर्बन एरिया पंचकूला) के नेतृत्व में नागरिक अस्पताल पहुंची और यहां चप्पे-चप्पे की जांच की। निरीक्षण की शुरूआत इमरजेंसी से हुई। यहां टीम ने पाया कि मेडिकल वेस्ट के लिए जो डस्टबीन रखे हैं, उसमें पॉलीथिन नही लगाया है। इसके अलावा सूखे व गीले मेडिकल वेस्ट के लिए भी अलग-अलग डस्टबीन नही रखे गए हैं। जब इस बारे में स्वास्थ्यकर्मियों से पूछताछ की तो वो इधर-उधर देखने लगे। इसके बाद टीम ने पाया कि एचकेआरएनएल कर्मियों की नेम प्लेट नही थी। इसके अलावा वार्ड में सफाई भी नही थी। इमरजेंसी वार्ड के पास ही साफ-सफाई का साजोसामान रखा था। पैशेंट वार्ड में इलेक्ट्रिक बटनों पर धूल जमी थी। इमरजेंसी के बाद टीम लैब में पहुंची। लैब में स्वच्छता को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा दवा स्टोर में खुले में दवा के डिब्बे न रखने के लिए कहा गया।

#### अस्पताल पुरस्कार जीतेगा: डॉ. भोला

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि अस्पताल की साफ-सफाई, इंफेक्शन कंट्रोल, बायोमेडिकल वेस्ट, डिस्पोजल व पेशेंट केयर से संबंधित हर तरह से सही तरीके से लागू करने की कोशिश की है। टीम अस्पताल प्रशासन से संतुष्ट है। जो छोटी-मोटिया कमियां हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। कायाकल्प योजना के तहत अस्पताल अपनी उपस्थिति दर्ज करवा कर पुरस्कार जीतेगा।

#### सीटी स्कैन सेंटर के सामने न खड़े हों वाहन

टीम जब नई बिल्डिंग में चलाए जा रहे सीटी स्कैन सेंटर की तरफ पहुंची तो वहां बाहर वाहनों को खडा पाया गया। जिस पर टीम ने कहा कि यहां वाहनों को किसी भी सूरत में खड़ा न करवाया जाए। इसके अलावा बायोमेडिकल वेस्ट से संबंधित जवाब तलबी भी अधिकारियों से की गई।

#### मरीजों से करें अच्छे से बर्ताव

टीम द्वारा नर्सों से भी बातचीत की गई। इसके अलावा प्रतिदिन होने वाली डिलीवरी के रिकार्ड को भी देखा। प्रसव से पूर्व और बाद में बरती जाने वाली सावधानियों व शिशु व मां की देखरेख से संबंधित सवाल पूछे। टीम द्वारा आप्रेशन थिएटर का भी दौरा किया गया। उन्होंने स्टाफकर्मियों को मरीजों व उनके तिमारदारों से अच्छे से बर्ताव करने की सलाह दी।



जींद। दीवार में लगाई जा रही ईंटों की जांच करते डिप्टी सीएमओ डॉ. रमेश पांचाल।

# स्वास्थ्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया, गुणवत्ता से समझौता नहीं

### दीवार में पुरानी ईंटे लगाने का मामला

- अब पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग ने लगवाई दीवार में नई ईंटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

नागरिक अस्पताल में गोहाना रोड से लेकर अस्पताल के पीछे तक लगभग 200 मीटर दीवार में ठेकेदारों द्वारा पुरानी ईंटों का इस्तेमाल किए जाने के मामले में स्वास्थ्यकर्मियों की नाराजगी के बाद अब नई ईंटे लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। वीरवार को स्वास्थ्य अधिकारियों ने ठेकेदार कर्मियों द्वारा बनाई गई दीवार का निरीक्षण किया। जिस पर स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा संतुष्टि जताई गई। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना था कि नागरिक अस्पताल के जीर्णोद्धार को लेकर रुपया स्वास्थ्य विभाग दे रहा है जबकि कार्य पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग द्वारा ठेकेदार के मार्फत करवाया जा रहा है। ऐसे में निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

#### नई ईंट लगाई जा रही

नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक ने पूरे कार्य पर निगरानी के आदेश दिए हैं। इन्ही आदेशों पर अस्पताल प्रशासन निगरानी कर रहा है। 200 मीटर की दीवार में ठेकेदार पुरानी ईंटों से चिनाई कर रहे थे। जिसे रूकवाया गया था। अब दीवार में नई ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है।

#### निर्माण गुणवत्तापूर्वक करें

स्वास्थ्य अधिकारियों की तलखी के बाद वीरवार से ठेकेदार कर्मियों द्वारा दीवार में नई ईंटें लगा कर काम करना शुरू कर दिया है। डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल ने बनाई जा रही दीवार का निरीक्षण किया और कहा कि अगर फिर से दीवार में पुरानी ईंटों का प्रयोग किया गया तो इसकी शिकायत की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग जीर्णोद्धार कार्य को लेकर पूरा पैसा पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग को दे रहा है। ऐसे में पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग के ठेकेदार निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्वक करें।

# तालाब ओवरफ्लो होने से पैक्स उपभोक्ता और कर्मचारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद



राजौंद के वार्ड नंबर 4 में स्थित पैक्स में तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर भरने से पैक्स में आने वाले उपभोक्ताओं व कर्मचारियों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि साथ लगते तालाब का पानी पैक्स कार्यालय में घुस गया है। पैक्स कार्यालय के एक कमरे की दीवारों में तो दरारें तक आ गई है। बता दें कि यहां पैक्स में किसान खाद बीज आदि लेने के लिए आते हैं उन्हें भी पानी भरने से परेशानी हो रही है। इतना ही नहीं यहां की गली भी पूरी तरह खराब हो चुकी है और यहां पर दो समाज के लोगों की चौपाल भी हैं। अक्सर कोई न कोई कार्यक्रम होता रहता हैं। जिससे इस गली के कारण लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है ।

#### नहीं हो रहा समाधान

निवासी, विशाल,विनोद, कुशला, श्याम राणा, कंवर पाल राणा ने बताया कि यहां पानी निकासी नहीं है बाबा ऋषि नाथ का मंदिर भी यही है,जहां प्रतिदिन सैकड़ो लोग माथा टेकने के लिए आते हैं। लेकिन गली में पानी निकासी न होने से उखाड़ी गई गली को लेकर बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है। जिससे गली में से खाली निकलना मुश्किल हो जाता है। बताया कि इस बारे विभाग को भी अवगत करवाया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा।

# पत्नी-साले की धमकी से खफा व्यक्ति ने की आत्महत्या

### मृतक के बेटे ने करवाया मां तथा दो मामा व एक अन्य पर मामला दर्ज

**राजेश की शादी 2003 में सैंपल रोहतक निवासी पूनम से हुई थी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

डोहाना खेड़ा में पत्नी तथा सालों की धमकी से परेशान व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर ली। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर मृतक की पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलतः गांव डोहानाखेड़ा हाल बाबूराम वाली गली नरवाना निवासी राजेश ने गत दिवस संदिग्ध हालात के चलते गांव डोहानाखेड़ा में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसे उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के बेटे जतिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता राजेश की शादी वर्ष 2003 में गांव सैंपल रोहतक निवासी पूनम के साथ हुई थी। वर्ष 2008 में उसका पिता नरवाना में खल बिनौले की दुकान चलाता था। परिवार बाबूराम वाली गली में रहता था। इसी बीच उसकी मां के फैरण कलां निवासी विक्रम से अवैध संबंध हो गए। दोनों को समझाने की बहुत कोशिश की लेकिन नही माने। जिसके चलते घर में कलह रहने लगी। 20 दिन पहले उसकी मां नरवाना में दूसरे मकान में किराये पर रहने चली गई। जिसके बाद उसके पिता राजेश की हालात खराब हो गई। वह अपने पिता को चाचा के घर डोहानाखेड़ा ले गया। जिसके बाद उसकी मां पूनम, विक्रम, मामा मोहित, गजराज उनके घर पर आए और उसके पिता को धमकी देकर चले गए।

#### मामले की जांच जारी

सदर थाना नरवाना के जांच अधिकारी सरबिंद्र ने बताया कि मृतक के बेटे ने अपनी मां समेत चार लोगों पर आरोपत लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### चार दुकानों से नौ सैंपल लेकर लेबोरेटरी भेजे

**जींद।** जिला ड्रग कंट्रोलर की टीम ने गुरूवार को जींद में कॉस्मेटिक की दुकानों पर दस्तक दी और यहां बेचे जा रहे कॉस्मेटिक सामान के सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेजे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। स्टेट ड्रग कंट्रोलर हरियाणा को शिकायतें मिल रही थी कि कॉस्मेटिक की दुकानों पर जो कॉस्मेटिक उत्पाद बेचे जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता सही नही है। जिस पर प्रदेशभर में सभी जिला ड्रग कंट्रोलर को कॉस्मेटिक दुकानों पर जांच कर सैंपल लेने के निर्देश दिए गए थे। स्टेट ड्रग कंट्रोलर हरियाणा के दिशा-निर्देशों पर जिला ड्रग कंट्रोलर गीता गोयल के नेतृत्व में टीम ने जींद के गोहाना रोड, बैंक रोड तथा आसपास क्षेत्र में कॉस्मेटिक की नौ दुकानों पर दस्तक दी और यहां बेचे जा रहे कॉस्मेटिक सामान की जांच की।



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा विकास परियोजना का शिलान्यास करते हुए

#### पूंडरी विधानसभा का समग्र विकास संकल्पः जांबा

**पूंडरी।** पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विधायक सतपाल जांबा ने 73 लाख रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न गांवों में विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं से ग्रामीण अंचलों में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह शिलान्यास कार्यक्रम पूंडरी स्थित बीईओ कार्यालय, गांव मुन्नारेहड़ी, बुची, अहमदपुर, रसीना, सिरसल तथा गांव बदनारा में आयोजित किया गया। संबंधित गांवों में लंबे समय से चली आ रही विकास संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि पूंडरी विधानसभा का समग्र विकास ही मेरा संकल्प है। गांवों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना और प्रत्येक नागरिक को बेहतर जीवन स्तर देना हमारी प्राथमिकता है। विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जनता के सहयोग और विश्वास से आज पूंडरी क्षेत्र विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है और आने वाले समय में और भी योजनाएं धरातल पर उतारी जाएंगी।

### बुजुर्ग को बाइक पर लिफ्ट देकर सोने के जेवर छीने

**जींद।** बाइक सवार दो लोगों ने बुजुर्ग महिला को लिफ्ट देकर गांव बडनपुर के निकट सोने की बाली, कोका, सोने के ढोल को छीन लिया और फरार हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने महिला के बेटे की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ छीना झपटी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव राखीगढ़ी निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मां खेडा चौपटा पर खड़ी हुई थी। उसी दौरान बाइक सवार दो लोगों ने उसे उचाना के लिए लिफ्ट दे दी। आरोपित से उचाना की बजाय गांव बडनपुर नहर पटरी पर ले गए। आरोपितों ने एकांत देख कर उसकी मां को बातों में उलझा लिया। जिसके बाद आरोपित ने उससे कानों की बाली, कोका तथा सोने का ढोल छीन लिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गए। सदर थाना पुलिस ने कुलदीप की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।



ढांड। नवनियुक्त सरपंच जसबीर सिंह अन्य सदस्यों के साथ।

#### जसबीर सिंह बने ढांड के कार्यवाहक सरपंच

**ढांड।** विधानसभा पूंडरी के गांव ढांड में सरपंच जंगशेर सिंह नंबरदार की बीमारी के चलते कुछ समय पूर्व निधन हो गया था। सरपंच पद रिक्त होने के कारण ग्राम पंचायत ढांड में कार्यवाहक सरपंच का चुनाव बीडीपीओ कार्यालय ढांड में संपन्न हुआ। बीडीपीओ जगजीत सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत ढांड में कार्यवाहक सरपंच पद के लिए दो उम्मीदवार—जसबीर सिंह और विकास कुमार— उम्मीदवार मैदान में थे। सभी सदस्यों की सहमति से खुले मतदान के माध्यम से चुनाव कराया गया। ग्राम पंचायत ढांड मे कुल पंचायत सदस्य 20 हैं। जिनमें से मतदान में कुल 17 पंचायत सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें जसबीर सिंह के पक्ष में स्वयं सहित 9 सदस्यों ने हाथ उठाया, जबकि विकास कुमार के पक्ष में स्वयं सहित 7 सदस्यों ने समर्थन किया। एक सदस्य ने नोटा का विकल्प चुना। बहुमत के आधार पर जसबीर सिंह को ग्राम पंचायत ढांड का कार्यवाहक सरपंच चुना गया। कार्यवाहक सरपंच चुने जाने पर जसबीर सिंह ने सभी पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया, और कहा कि यह जिम्मेदारी नहीं बल्कि सेवा का अवसर है और वे सभी वर्गों को साथ लेकर गांव के विकास के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे।

### महिला नशा तस्कर एक वर्ष के लिए जेल में नजरबंद

**जींद।** जिला पुलिस ने एक महिला नशा तस्करी के मामलों में संलिप्त रही महिला को गिरफ्तार करके एक साल के लिए नजरबंदी पर बंद जिला जेल में बंद करवाया है। थाना शहर नरवाना के प्रभारी आत्माराम ने बताया कि नशा तस्करी रोकने के लिए जिला पुलिस की पीआईटी टीम ने महिला नशा तस्कर चमेला कालोनी निवासी शर्मिला को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला के खिलाफ नशा तस्करी के पांच मामले दर्ज हैं। जो जमानत पर आने के बाद फिर से नशा तस्करी में सलिप्त हो रही थी। नशा तस्करी को देखते हुए पुलिस ने शर्मिला की फाइल हरियाणा के गृहसचिव भेजी गई थी। जिस पर गृह सचिव ने महिला के लगातार नशे के कारोबार में संलिप्ता को देखते हुए महिला को नजरबंद करने आदेश दिए थे।

## कार्यालय परिसर की बजाय राष्ट्रीय मार्ग पर हो रही वाहनों की पार्किंग

# अव्यवस्थित व अवैध वाहन पार्किंग बनी सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत



कलायत। उप मंडल मुख्यालय के बाहर चंडीगढ़-हिसार मार्ग पर वाहन चालकों द्वारा की गई वाहनों की पार्किंग। फोटो :हरिभूमि

कलायत उप मंडल मुख्यालय के मुख्य द्वार पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को कड़ाई से लागू करवाने की जरूरत है क्योंकि कार्यालय परिसर की बजाए चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग पर हो रही वाहनों की पार्किंग है जबकि प्रशासन द्वारा वाहनों की पार्किंग के लिए अलग से टेंडर दिया गया है। वाहन चालक मुख्य रूप से मुख्य सड़क पर वाहनों को पार्क करते हैं। हालांकि उपमंडल स्तर पर प्रशासनिक, न्यायिक एवं जनहित से जुड़े कार्यों का वैधानिक केंद्र है। इसके मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर व्याप्त अव्यवस्थित एवं अवैध वाहन पार्किंग ने यातायात व्यवस्था को ठप कर दिया है। कानून व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी पर भी गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। प्रवेश द्वार के ठीक बाहर सड़क पर बिना किसी अनुमति के घंटों तक खड़े किए जा रहे। परिसर में वाहनों की सुरक्षित पार्किंग उपमंडल कार्यालय द्वारा विधिवत रूप से एक बेरोजगार युवक को ठेका प्रदान किया गया है। व्यवस्था का उद्देश्य सड़क पर अवैध पार्किंग को रोकना एवं यातायात को सुचारु बनाए रखना था। लेकिन व्यवहारिक स्तर पर यह व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित दिखाई देती है। जिसे पार्किंग संचालन का दायित्व सौंपा है उसके द्वारा सरकार को देय अनुबंध शुल्क का नियमित एवं पूर्ण भुगतान संदिग्ध बना हुआ है।

#### गंभीर स्थिति

पार्किंग का अनुबंध लेने वाले युवक ने बताया कि लोग बिना किसी रोक-टोक के सडक पर असुरक्षित ढंग से वाहन खड़े कर रहे हैं। इससे न केवल आम नागरिकों बल्कि आपातकालीन सेवाओं एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन व अन्य की आवाजाही भी प्रभावित हो सकती है। यह स्थिति गंभीर है।

# टेस्टिंग टीम तकनीकी खामियों को कर रही दूर

**हाइड्रोजन ट्रेन के इस माह के अंत तक चलने की उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हाइड्रोजन ट्रेन के दिल्ली से जींद पहुंचने के बाद इसके नियमित संचालन की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। यह ट्रेन आठ कोच की है और इसके दोनों छोर पर पावर कार लगी हुई है। इसमें आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं, जिनमें मेट्रो की तर्ज पर डिस्प्ले बोर्ड, स्वचालित दरवाजे और बेहतर बैठने की व्यवस्था है। हाइड्रोजन प्लांट में गैस फिलिंग का बुधवार को कार्य शुरू किया था लेकिन तकनीकी खामियों के कारण यह कार्य शुरू नहीं हो पाया। इसको लेकर टेस्टिंग टीम तकनीकी खामियां दूर करने का प्रयास कर रही है। टेस्टिंग टीम उपकरणों की जांच कर रही है, वहीं निगरानी बनाए हुए है। इस ट्रेन के चलने से न केवल यात्रा का समय कम होगा, बल्कि प्रदूषण भी नहीं होगा। गौरतलब है कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जींद पहुंच चुकी है। जींद से सोनीपत रूट पर यह ट्रेन चलेगी। इस माह के अंत तक इसके चलने की उम्मीद है। ट्रेन का इंजन धुएं की बजाय भाप और पानी छोड़ेगाए जो पर्यावरण संरक्षण को लेकर रेलवे की बड़ी पहल है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय तलवारबाजी में छाया डीएवी स्कूल

**जींद।** महाराष्ट्र में 27 से 31 दिसंबर तक आयोजित 69वीं आयु वर्ग 17 की राष्ट्रीय स्कूल तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल जींद के खिलाडियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अनेक पदक प्राप्त कर पूरे प्रदेश भर में अपने स्कूल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्राचार्य रश्मि विद्यार्थी ने सभी खिलाडियों को पदक पहना कर सम्मानित किया और खेलों के माध्यम से जीवन मे आगे बढने की प्रेरणा दी। स्कूल के बच्चों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते कुमारी खुशी ने ईपी इवेंट में एकल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान तथा टीम में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### रीओपन शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करें

**जींद।** अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त ऐसी शिकायतें जो रीओपन हो रही हैं, उनके बार-बार खुलने के कारणों का गहन विश्लेषण किया जाए तथा उनका गुणवत्तापूर्ण, स्थायी एवं व्यवहारिक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समाधान करते समय विशिष्ट नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा उनकी पूर्ण संतुष्टि के उपरांत उनके हस्ताक्षर लेकर ही शिकायत को पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

### महाशिवरात्रि पर होगा शिक्षा महायज्ञ

**उचाना।** महंत शुक्राईनाथ योगी एवं घोघड़िया पंचायत द्वारा महाशिवरात्रि शिक्षा महायज्ञ पर शिक्षा का इनामी महादंगल का आयोजन होगा। महंत शुक्राईनाथ योगी ने बताया कि घोघड़िया के कसूहन रोड पर पीएचसी के पास परीक्षा आयोजित होगी। प्रतियोगिता एचएसएससी, सीईटी पैटर्न पर परीक्षा प्रतियोगिता होगी। प्रथम पुरस्कार 2.1 लाख, द्वितीय 1.51 लाख, तृतीय 1.1 लाख, चतुर्थ 71 हजार, पंचम 51 हजार, छठा 31 हजार, सातवां 21, आठवां 11 हजार, नौवां 5100, दसवां 3100, 11वां 2100 के अलावा 12 से 21वें स्थान के 10 विजेताओं को 1100-1100, 22वें से 51वें स्थान पर रहने वाले 30 विजेताओं को 500-500 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

### नशा नहीं करने के लिए बच्चों को किया प्रेरित

**जींद।** गांव रूपगढ़ के उपस्वास्थ्य केंद्र रूपगढ़ की स्वास्थ्य टीम द्वारा बच्चों को नशा नहीं करने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य टीम स्वास्थ्य कार्यकर्ता मूर्ति देवी, मुकेश रानी व देवीराम कौशिक ने स्थानीय बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लिए सकारात्मक संदेश साझा किया। स्वास्थ्य टीम ने बच्चों को दूध पिला कर पौष्टिक आहार, शुद्ध खान-पान बारे जागरूक किया।

### राममेहर नंबरदार प्रधान महासचिव बने

**जींद।** जननायक जनता पार्टी के जिला कार्यालय में वीरवार को एससी सैल की जिला कार्यकारिणी की सूची जारी की। यह सूची एस सी सेल के जिला संयोजक शमशेर बद्दोवाल द्वारा जारी की गई। इसमें जिला संयोजक शमशेर बद्दोवाल ने बताया कि प्रकोष्ठ का वरिष्ठ उपप्रधान विद्याधर शास्त्री जींद, डा. मुकेश मंगलपुर, पीरबक्स वाल्मीकि सुदकैन खुर्द। उपप्रधान के पद पर डा. भूप सिंह मंगलपुर, बनारसी डोबी राजगढ़, दलीप बामणिया बडौदा, सुबे डयौहला, शमशेर सिंह छात्र, धर्मपाल भोला खटखड़। प्रधान महासचिव के पद पर राममेहर नंबरदार मोहनगढ़ छापड़ा। महासचिव के पद पर विजेंद्र, रामनिवास दबलैन, देवेंद्र सुरबरा, राममेहर नरवाल अपोलो रोड जींद, मुकेश सरपंच लोहचब को मनोनित किया।

### धान, कपास के भाव मिल रहे बीते साल से अधिक

**उचाना।** इस बार धान 1121 की आवक बीते साल से अधिक है। भाव कुछ दिनों से निरंतर 1121 धान के बढ़ रहे है। इन दिनों कम से कम 3700 रुपये प्रति क्विंटल तो अधिक से अधिक 4251 रुपये प्रति क्विंटल तक के भाव रहे है। बीते साल इन दिनों कम से कम 2200 रुपये प्रति क्विंटल तो अधिक से अधिक 4031 रुपये प्रति क्विंटल के भाव फसल के किसानों को मिले है।

---

### उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व मामलों को लेकर समीक्षा बैठक

# राजस्व विभाग के लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के दिए निर्देश

### रैन बसेरों में समुचित व्यवस्था हो, जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए जाएं

**निर्देशों के अनुरूप जिले में सभी कार्य समयबद्ध ढंग से किए जाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में जिले से जुड़े विभिन्न लंबित राजस्व मामलों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित म्यूटेशन, तातिमा अपडेटेशन, जमीन बंटवारे (पार्टिशन), डिमार्केशन, रजिस्ट्री से जुड़े लंबित टोकन, एग्रीस्टैक तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य लंबे समय से लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। इससे पूर्व वित्त आयुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हीं निर्देशों के अनुरूप जिले में सभी कार्य समयबद्ध ढंग से किए जाएं। उसके पश्चात उपायुक्त नें सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि म्यूटेशन से जुड़े कई पुराने मामले लंबित हैं, जिससे आमजन को बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ऐसे सभी लंबित मामलों को जल्द निपटा कर कम किया जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर म्यूटेशन दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न न हो। डीसी ने तातिमा को अपडेट करने के कार्य में तेजी लाने और अनिवार्य जमीन के बंटवारे के मामलों का समाधान कानून के अनुसार और समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पुरानी म्यूटेशन पेंडेंसी को रणनीति बना कर जल्द से जल्द निपटाया जाए और पेंडेंसी को शून्य करने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जाए।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे लोगों की समस्याओं को समझते हुए ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तथा पारदर्शीए समयबद्ध और जनहितकारी कार्यप्रणाली अपनाएं। एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसानों के पंजीकरण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के निर्देश देते उपायुक्त ने कहा कि किसानों को कैंपों के माध्यम से पंजीकरण का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की अगली किस्त का लाभ केवल वही किसान ले सकेंगे, जिनका एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीकरण होगा। प्रत्येक कैंप में कृषि, राजस्व और क्रेडिट विभाग की टीम मौजूद रहेगी। इस अवसर पर एसडीएम सत्यवान मान, एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, एसडीएम जगदीश चंद्र, एसडीएम दलजीत सिंह, एसडीएम होशियार सिंह, सीटीएम मोनिका रानी, डीआरओ राजकुमार, डीडीए डा. गिरीश नागपाल सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के दिए आदेश**

उन्होंने डिमारकेशन के लंबित आवेदनों, रजिस्ट्री से जुड़े पेंडिंग टोकन तथा एग्रीस्टैक से संबंधित कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा गया ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बढ़ती ठंड .को देखते हुए जिले में आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कहा कि रैन बसेरों में समुचित व्यवस्था हो, जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए जाएं और सभी संबंधित विभाग पूरी तरह सतर्क रहे। उन्होंने उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य संवेदनशील स्थानों पर नियमित निरीक्षण किया जाए तथा जहां आवश्यकता हो वहां हीटिंग की व्यवस्था की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले में कोई भी बुजुर्ग या बच्चा ठंड के कारण परेशान न हो।

---


जींद। एचआईवी एड्स को लेकर जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# ग्रामीणों में एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को किया दूर

**एचआईवी से बचाव को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत आने वाले गांव ढांडा खेड़ी में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा एचआईवी, एड्स से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा ने नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा एचआईवी एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया। सुशील शर्मा ने बताया कि एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर 1097 जारी किया गया है। इस नंबर पर कोई भी व्यक्ति फोन कर एचआईवी, एड्स से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकता है। कहा कि एचआईवी, एड्स से पीड़ित व्यक्तियों के साथ भेदभाव करना या उनका तिरस्कार गलत है। एचआईवी एक वायरस है जो मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को धीरे-धीरे कमजोर कर देता है। यदि किसी स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में एचआईवी संक्रमण हो जाए और समय पर इलाज न मिले, तो आगे चलकर यह एड्स का रूप ले लेता है। इस स्थिति में शरीर सामान्य बीमारियों से भी लड़ने में असमर्थ हो जाता है। इसलिए लाइलाज बीमारी माना जाता है लेकिन सही जानकारी सावधानी से इससे बचाव संभव है।

**ये रहे उपस्थित**

सुशील शर्मा ने बताया कि एचआईवीध्एड्स मुख्य रूप से असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई के प्रयोग, संक्रमित रक्त चढ़ाने तथा एचआईवी पॉजिटिव मां से जन्म लेने वाले शिशु में फैलता है। उन्होंने युवाओं से संयमित जीवन अपनाने, कभी भी संक्रमित सुई का प्रयोग न करने तथा केवल अधिकृत व सरकारी ब्लड बैंक से ही रक्त लेने की अपील की। साथ ही सभी गर्भवती महिलाओं से एचआईवी जांच अवश्य कराने का आग्रह किया गया। इस दौरान प्रवेश, सियाराम, साधुराम, सावित्री, भतेरी, सुनील, अरुण आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

---

# एक गांव व एक गोत्र में शादी पर तुरंत रोक लगाई जाए : कंडेला

- सर्वखाप की नगूरां में अहम पंचायत का किया आयोजन

**जींद।** सर्वखाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने वीरवार को नगूरां में मुख्य वक्ता के रूप मे पहुंचे। अध्यक्षता नगूरां के प्रधान धर्मपाल खटकड़ ने की। कंडेला ने कहा एक गांव व एक गोत्र में शादी पर रोक लगाई जाए। लीव इन रिलेशनशिप को खत्म किया जाए। युवाओं को नशा छोड़ो, दूध पियो की प्रेरणा दी। सामाजिक ताना-बाना बनाए रखने के लिए पंचायतों को आह्वान किया गया कि अपने-अपने एरिया में 36 बिरादरी का भाईचारा बनाए रखें। कंडेला ने कहा कि नगूरां के प्रधान धर्मपाल खटकड़ समाज में अच्छा काम करने के लिए सभी प्रतिनिधियों को अपनी ओर से सम्मानित किया। धर्मपाल खटकड़ ने आह्वान किया है कि सामाजिक बुराइयों को खत्म करेंगे व मिलजुल कर समाज को आगे बढ़ाने का काम करेंगें। चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो या खेल का क्षेत्र हो। इस पंचायत में भाग लेने वालों में खटकड़ खाप के प्रधान हरकेश, बारह के प्रतिनिधि संदीप भारती, खटकड़ खाप के उप प्रधान लीला छापरा, खटकड़ खाप के प्रतिनिधि जयवीर, बलराज नगूरां, कुलदीप, नाड़ा खाप के प्रधान प्रेम सिंह नाड़ा, उझाना गांव के राजाराम सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।


जींद। बैठक में मौजूद टेकराम कंडेला।

# अनुबंधित कर्मियों को सेवा सुरक्षा का दिया जाए लाभ

- कर्मचारियों ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर कर्मचारियों का मांग पत्र सभी जिला महा प्रबंधक के माध्यम से सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजा। इसी कड़ी में वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ जींद के कार्यकर्ता ने अपना ज्ञापन डीडीओ सुमित कुमार को सौंपा। वित्तीय संस्थान ठेका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र वशिष्ठ व भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री विनोद शर्मा, वरिष्ठ सदस्य नंदकिशोर ढिगाना के अतिरिक्त सहकारी बैंकों में कार्यरत संघ के सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे। भेजे गए ज्ञापन के बारे में जानकारी देते संघ के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि सरकार ने अनुबंधित कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा सेवा सुरक्षा अधिनियम 2024 बनाया है। जिसमें 15 अगस्त 2024 को पांच वर्ष पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को 58 वर्ष तक रोजगार सुरक्षित किया है। परंतु दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों में 2200 कर्मचारी क्लर्क दत्तात्रेय सेवादार सुरक्षा कर्मी के पद पर पिछले 10-12 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं।


जींद। डीडीओ को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से अनुबंधित है। सभी जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के बोर्ड ने जब सुरक्षा अधिनियम को स्वीकार कर लिया है। परंतु अभीतक किसी भी जिला सहकारी बैंक ने कर्मचारियों को इस कानून का लाभ नहीं दिया जा रहा है। जबकि विभिन्न सभी विभाग अपने अनुबंध कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा एक्ट का लाभ देने के लिए आवश्यक कार्रवाई में जुटे हैं। रजिस्टर सहकारी समितियां ने भी सभी जिलों में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए पत्र जारी कर दिया है। इसके बाद भी सहकारी बैंकों में कार्यरत 2200 कर्मचारी जब सुरक्षा के लाभ से वंचित होना दुर्भाग्यपूर्ण है। पत्र में अतिरिक्त मुख्य सचिव से निवेदन किया है कि जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के कर्मचारियों को भी सेवा सुरक्षा अधिनियम का लाभ दिया जाए। नरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, संदीप कुमार, श्याम मालिक, नरेश लोहान, अमित कुमार, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

---


उचाना। कीर्तन में पहुंचे श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

**ज्ञान का अहंकार कभी भी जीवन में न करें: अशोक**

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर उचाना मंडी के पुजारी अशोक शर्मा भजन-कीर्तन में कहा कि ज्ञानी लोग फल की चिंता करके काम करने वाले माया-मोह में फंसे अज्ञानियों की बुद्धि में भ्रम पैदा न करें। खुद शास्त्रों के नियमानुसार कर्म करें और अज्ञानियों को भी वैसा करने की सीख दें। जब घर में कोई अच्छा पढ़-लिख जाता है, तब वह सोचने लगता है कि मैं ज्यादा समझदार हूं और बाकी सब कम बुद्धि वाले हैं। ऐसा सोचने के बाद बार-बार अपनी योग्यता का बखान करके दूसरों की बुद्धि में भ्रम पैदा करने लगते हैं। ऐसे ही जिसको ब्रह्मज्ञान हो जाता है, उसका अहंकार भी बढ़ जाता है। अज्ञानी का अहंकार फिर भी कम होता है, लेकिन ज्ञानी का अहंकार बहुत बड़ा होता है। कहा कि वह अज्ञानियों को तुच्छ समझने लगता है। इस बात को ध्यान में रखकर भगवान श्रीकृष्ण कह रहे हैं कि फल की चिंता करके किए जाने वाले कर्म में लगे लोगों को ज्ञानी ऐसा न कहें कि तुम कहां छोटे-छोटे धार्मिक कर्मों में फंसे रहते हो, इससे मुक्ति मिलने वाली नहीं है। मिसाल के तौर पर अज्ञानी यदि धार्मिक अनुष्ठान कर रहा है तो उनको मना न करें, बल्कि साथ बैठ कर उन्हें सही तरह से करवाने की कोशिश करें। कर्म से बंधे इंसान की आस्था को तोड़ें नहीं, बल्कि उसकी आस्था और श्रद्धा को और बढ़ाएं। ऐसा करने से ज्ञानी का अहंकार नहीं बढ़ेगा और अज्ञानी के मन में भ्रम भी पैदा नहीं होगा।

# मंडी में तृतीय भाग का निर्माण जल्द करवाया जाए: मीनू शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना कस्बे की अनाजमंडी की समस्याओं को लेकर मार्केट कमेटी के चेयरमैन मीनू शर्मा और आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पवन करसोला ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात की और समाधान की गुहार लगाई। मीनू शर्मा ने कहा कि मंडी में तृतीय भाग का निमार्ण करवाया जाए।

अनाज मंडी में मौजूद सब्जी मंडी को अनाजमंडी में बदला जाए। क्योंकि जुलाना और आसपास के गांवों में सब्जी नही उगाई जाती है। जिससे मंडी के आढ़तियों को काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। मंडी में आढ़तियों को पेयजल किल्लत से होकर गुजरना पड़ रहा है। मंडी में पेयजल समस्या का समाधान करवाया जाए। मंडी में फसल आवक ज्यादा होती है। मंडी में और क्षेत्र को बढ़ाया जाए ताकि आढ़तियों और किसानों को हो रही परेशानी से निजात मिल सके। मंडी के गेट नंबर चार से शादीपुर माईनर से होते हुए हाइवे बाईपास तक सड़का का निर्माण करवाया जाए। मालवी से पुठ्ठी तक सड़क निर्माण करवाया जाए। हांसी रोड़ का नवनिर्माण करवाया जाए।


जुलाना। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात करते चेयरमैन।


जींद। रेल यात्रियों को साइबर फ्रॉड को लेकर जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

**साइबर ठगी पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें**

**जींद।** राजकीय रेलवे पुलिस ने वीरवार को रेलवे स्टेशन पर साइबर ठगी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रेलयात्रियों को साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूक किया। थाना प्रभारी जीत सिंह ने रेलयात्रियों को जागरूक करते हुए कहा कि ऑनलाइन टिकट बुकिंग, रिफंड, कन्फर्मेशन कॉल या मैसेज के नाम पर ठग सक्रिय हैं, जो फर्जी लिंक और कॉल के जरिए लोगों से निजी जानकारी हासिल कर लेते हैं। अभियान के दौरान यात्रियों को समझाया गया कि वे किसी भी अनजान कॉल मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें। टिकट कैंसिलेशन या रिफंड के लिए केवल रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट या अधिकृत एप का ही उपयोग करें। उन्होंने बताया कि ओटीपी, बैंक डिटेल, एटीएम पिन या यूपीआई से जुड़ी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। चाहे सामने वाला खुद को रेलवे कर्मचारी ही क्यों न बताए। उन्होंने यात्रियों को साइबर हेल्पलाइन नंबर और ऑनलाइन शिकायत प्रक्रिया की भी जानकारी दी। यदि किसी यात्री के साथ साइबर ठगी होती है तो तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इस अवसर पर एएसआई कविता, एएसआई जितेंद्र और एसपीओ सुरेंद्र रेढू भी मौजूद रहे।

---

### ओडिशा में जूनियर फेंसिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

# छात्रा कनुप्रिया ने बढ़ाया इंडस स्कूल का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस पब्लिक स्कूल की छात्रा कनुप्रिया ने पांच एवं छह जनवरी को ओडिशा के कटक में आयोजित जूनियर फेंसिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में उन्होंने दो स्वर्ण पदक जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कनुप्रिया की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार को अत्यंत गर्व है। उल्लखेनीय है कि कनुप्रिया पहले से ही सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैंपियन रह चुकी है और अब वे सीनियर एवं जूनियर दोनों वर्गों की राष्ट्रीय चैंपियन बन गई हैं। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या अरुणा शर्मा ने विजेता खिलाड़ी एवं उनके अभिभा वकों को बधाई देते हुए कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल छात्रों को हर प्रकार की प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, परिश्रम और निरंतर अभ्यास से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है बल्कि अनुशासन, नेतृत्व व आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देना विद्यालय की प्राथमिकताओं में शामिल है। विद्यालय के उप प्रचार्य प्रवीन कुमार ने भी कनुप्रिया की सराहना करते हुए प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है।


जींद। प्रतियोगिता में विजेता रही कनुप्रिया। फोटो :हरिभूमि

**छात्रों में खेलों के प्रति बढ़ेगी रुचि**

इंडस पब्लिक स्कूल द्वारा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खिलाड़ी फीस, रियायत योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत विद्यालयस्तर, जिला, राज्य एवं राष्ट्रीयस्तर पर उपलब्धि प्राप्त करने वाले खिलाडियों को उनकीखेल प्रतिभा के आधार पर विद्यालय शुल्क में विशेष छूट प्रदान की जाएगी। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। कनुप्रिया जींद की इकलोती ऐसी खिलाड़ी हैं जिसने सीनियर व जूनियर दोनों वर्गों में राष्ट्रीय चैंपियन के रूप में पहचान बनाई है।


उचाना। कांफ्रेस हॉल में मीटिंग लेते एसडीएम दलजीत सिंह। फोटो :हरिभूमि

**कपास मंडी में होगा गणतंत्र दिवस का आयोजन: एसडीएम**

**उचाना।** गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम को लेकर उपमंडल कार्यालय के कांफ्रेस हॉल में एसडीएम दलजीत सिंह की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। कपास मंडी में कार्यक्रम का आयोजन होगा। दलजीत सिंह ने बताया कि पिछले वर्षों से अधिक जोश के साथ गणतंत्र दिवस का आयोजन कपास मंडी में होगा। 19 जनवरी को खंड अलेवा, उचाना के सभी शिक्षण संस्थानों की सांस्कृतिक कार्यक्रम चयन हेतु प्रथम रिहर्सल गीता विद्या मंदिर हाई स्कूल उचाना मंडी में की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाबा प्रेमनाथ खेल अकादमी अपनी आकर्षक झांकी प्रस्तुत करेंगे। परेड प्लाटून में सभी एनसीसी स्काउट गाइड प्लाटून भाग लेंगे। इसकी जिम्मेवारी रणपाल श्योकंद खंड शिक्षा अधिकारी उचाना, विजेंद्र खंड शिक्षा अधिकारी अलेवा की लगाई गई। जन स्वास्थ्य विभाग पानी, बिजली वितरण निगम बिजली की व्यवस्था, फूड सप्लाई और हैफेड रिप्लेसमेंट, पुलिस विभाग झंडा परेड खुली जीप की व्यवस्था करेंगे, नगर पालिका सफाई टेंट की व्यवस्था, मार्केट कमेटी फोटोग्राफी , साउंड, प्रमाण पत्र, पीडब्लूडी पेचवर्क, वन विभाग गमले और गुब्बारे की व्यवस्था करेंगे। इस अवसर पर तहसीलदार निखिल सिंगला, बीडीपीओ शमशेर नैन, सुनीता देवी, विकास मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### तय समय के भीतर करें ऑनलाइन रजिस्ट्री

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने वीरवार को स्थानीय तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्री, जमाबंदी और इंतकाल जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। आमजन को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर न काटने पड़े। डीसी अपराजिता ने निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रूम, सेवा केंद्रों और रजिस्ट्री क्लर्क के काउंटरों का जायजा लिया। हाजिरी रजिस्ट्री चेक किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर कोई भी फाइल अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहनी चाहिए।

### हलके के विकास को लेकर सीएम से किया संवाद

**पूंडरी।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद बंसल फतेहपुर ने अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान हलके से जुड़े विकास कार्यों, लंबित योजनाओं और आमजन से संबंधित विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि कुछ बुनियादी सुविधाओं को लेकर लोग लंबे समय से परेशानी का सामना कर रहे हैं। मुलाकात के दौरान सडक़ निर्माण एवं मरम्मत, पेयजल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था, जल निकासी, साफ-सफाई, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

### जनशिकायतों का प्रभावी समाधान निकालें: डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की महत्वकांशी पहल है। यह जनता एवं प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सभी अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लें और इनका स्थाई एवं प्रभावी समाधान निकालें। डीसी अपराजिता वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनने के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। इस दौरान प्रताप गेट निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई की, नगर परिषद द्वारा उसकी प्रॉपर्टी आई में एक कालोनी में स्थित उसके एक खाली प्लाट को कमर्शियल जगह दर्शाया है।

### कमरे से 1.47 लाख की नकदी चोरी

**जींद।** जुलाना अनाज मंडी में मजदूर के कमरे से एक लाख 47 हजार रुपये गायब हाने पर जुलाना थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भाकली जिला रेवाड़ी निवासी संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जुलाना अनाज मंडी में मजदूरी करता है। वही मंडी में कमरा किराये पर लेकर रह रहा है। उसने एक लाख 47 हजार रुपये पॉलीथिन के लिफाफे में डाल कर रखे हुए थे। वह कुछ समय के लिए बाहर चला गया। जब वह वापस लौटा तो नगदी वाला पॉलीथिन गायब था। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी राशि का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने संजय की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आरटीए ने निजी स्कूल बसों को जांचा

**जींद।** आरटीए टीम की ओर से वीरवार को अर्बन एस्टेट स्थित एक निजी स्कूल में बसों की जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सात बसों की जांच की गई। जिमसें से दो बस में जीपीएम चालू अवस्था में नहीं मिला। इस कारण बसों पर 500-500 रुपये जुर्माना लगाया गया। शीतकालीन अवकाश के चलते इस समय स्कूलों की छुट्टियां चली हुई हैं। इस कारण आरटीए टीम की ओर से चलाए जा रहे बसों के जांच अभियान को तेजी नहीं मिल पा रही है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

# 300 मीटर में सिमरन अव्वल ऐना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वीरवार को पुलिस लाइन ग्राउंड में कैथल शहरी महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शशि बाला द्वारा की गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि प्रतियोगिता को दो आयु वर्गों (30 वर्ष से ऊपर और 30 वर्ष से कम) में विभाजित किया गया था, जिसमें ग्रामीण ब्लॉक की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के परिणाम में महिलाओं ने पारंपरिक और एथलेटिक दोनों खेलों में हिस्सा लिया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में अंबेडकर नगर की मीनाक्षी ने प्रथम स्थान, बलराज नगर की कर्मजीत कौर दूसरे और डीएवी कॉलोनी निवासी रीना तीसरे स्थान पर रहीं। इसी प्रकार डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में महादेव कॉलोनी की मुकेश प्रथम, प्योदा रोड़ की सरोज द्वितीय तथा अंबेडकर नगर की सीमा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 100 मीटर दौड़ में एम्पलोएज कॉलोनी की सुनीता प्रथम, जनकपुरी कॉलोनी की कर्मजीत द्वितीय तथा अमरगढ़ गामड़ी की बाला तृतीय स्थान पर रही।

### ये रही विजेता

इसी प्रकार 30 वर्ष से कम आयु वर्ग के की प्रतियोगिताओं मे 300 मीटर रेस में अंबेडकर नगर की सिमरन प्रथम, द्वितीय ऐना तथा अंबेडकर नगर की दुर्गा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 400 मीटर रेस में रजनी कॉलोनी निवासी माफी प्रथम, द्वितीय शक्ति नगर निवासी पूजा रानी, सुभाष नगर निवासी प्रीति ने तृतीय स्थान हासिल किया। पांच किमी साइकिल रेस में पुलिस लाइन में रहने वाले मुकेश प्रथम, डीएवी कॉलोनी निवासी पूजा द्वितीय, बलराज नगर निवासी बरखा तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभाग द्वारा नकद पुरस्कार राशि दी गई। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को 2100 रुपये, द्वितीय स्थान के लिए 1100 रुपये और तृतीय स्थान के लिए 750 रुपये की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर सहायक मुकेश, गौरव कौशिक, रमन, सुमन, मंजू, पूनम, स्वाति, राहुल आदि मौजूद रहें।



**कलायत।** तहसीलदार अजय कुमार का अतिथि सत्कार करती सीडीपीओ शशीबाला पचार। फोटो : हरिभूमि

### 100 मीटर रेस में सीमा कैलरम सबसे तेज दौड़ी

**कलायत।** कलायत में खंड स्तर पर महिला ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिक्षा भारती स्कूल मैदान में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर तहसीलदार अजय कुमार ने सीडीपीओ शशीबाला पचार की अध्यक्षता में रिबन काटकर खेल प्रतियोगिता की शुरूआत की। तहसीलदार ने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इनके माध्यम से महिलाएं अपनी काबिलियत का परचम फहरा रही हैं। ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं का लक्ष्य भी महिलाओं को खेल के मैदान में अपनी खेल प्रतिभा का अवसर प्रदान करने का सशक्त जरिया है। सीडीपीओ शशीबाला पचार ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रति महिलाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए क्रमशः 2100, 1100 और 750 रुपए की इनाम राशि दी जाती है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर सुपरवाइजर सुमन, चेतना, रीना, प्रनील, मुकुल कौशिक, शिल्पा, किरण, सोहनलाल, पूजा, अंकुश, डीपी रमेश कुमार, संदीप मोर, कमल व दूसरे स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। खेल मैदान में खंड के विभिन्न गांवों से आई महिलाओं ने प्रतियोगिता के प्रति खूब उत्साह दिखाया। घोषित परिणाम अनुसार 300 मीटर दौड़ में काफी वजीर खेड़ा प्रथम, आंचल बात्ता द्वितीय व भतेरी कुराड़ तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में पहले स्थान पर खुशी कुराड़, रीना वजीर खेड़ा दूसरे व कविता कैलरम तीसरे स्थान पर रही। पांच किलोमीटर साइकिल रेस में काजल खेड़ी शेरखां नंबर वन रही। दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमश अंजली बात्ता और श्वेता ब्राह्मणीवाला को संतोष करना पड़ा। 100 मीटर रेस में सीमा कैलरम सबसे तेज दौड़ी, दूसरा स्थान पूजा कलायत व तीसरा बबली कौलेखां को मिला। डिसक्स थ्रो में कमलेश खेड़ी लांबा पहले, सीमा दूबल दूसरे व पूनम कलायत तीसरे पायदान पर रही। म्यूजिकल चेयर में सोनिया पिंजुपुरा नंबर वन रही, इंदुबाला चौशाला दूसरे व अंग्रेजो खरक पांडवा तीसरे स्थान पर रही।

# नियमित व्यायाम और सक्रिय जीवनशैली अत्यंत आवश्यक



**कैथल।** बार एसोसिएशन में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर को संबोधित करते पदाधिकारी।

- बार सदस्यों के लिए लगाया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

उजाला सिग्नस सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल कैथल द्वारा जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों के लिए बार रूम में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिवक्ताओं एवं आमजन में हृदय रोग तथा ऑर्थोपेडिक समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, जो आज की जीवनशैली में आम रूप से देखने को मिलती हैं। कार्यक्रम में अस्पताल के यूनिट हेड रोहित मेहता ने उपस्थित सदस्यों को अस्पताल की अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं, उपलब्ध सुपरस्पेशियलिटी सुविधाओं तथा भविष्य में होने वाले विस्तार व सुधारों की जानकारी दी। बार सदस्यों, उनके परिवारजनों एवं मित्रों के लिए विशेष प्रिविलेज कार्ड की घोषणा भी की, जिससे उन्हें किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। मेहता ने कहा कि उजाला सिग्नस हॉस्पिटल आम जनता को बेहतर, सुलभ एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाएगा। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भवानी शंकर ने हृदय रोगों पर विस्तृत जानकारी देते समय पर जांच एवं उपचार की महत्ता पर जोर दिया। बताया कि समय रहते हस्तक्षेप करने से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

### ये रहे मौजूद

अस्पताल के प्रबंधक विकास सिंदुरिया ने बताया कि बार एसोसिएशन द्वारा शिविर की प्रशंसा की तथा भविष्य में आयोजन बारे कहा कार्यक्रम के दौरान रोहित मेहता ने बार एसो के पदाधिकारियों अध्यक्ष संदीप शर्मा एडवोकेट , उपाध्यक्ष हेम राज वाधवा एडवोकेट, सचिव सचिन कुमार सिंघल एडवोकेट, संयुक्त सचिव अमित रोहिल्ला एवं कोषाध्यक्ष दिनेश एडवोकेट को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बार सदस्य उपस्थित रहे।

# जनसंपर्क और बूथ मजबूती पर दिया जोर

- भाजपा जिला अध्यक्ष ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

भाजपा की जिला उपाध्यक्ष शैली मुंजाल व मार्केट कमेटी के वाइस-चेयरमैन विक्रम मुंजाल के निवास स्थान पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक से पूर्व पुष्पा मुंजाल, विक्रम मुंजाल व शैली मुंजाल ने जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए ज्योति सैनी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है, जो हर परिस्थिति में जनता के बीच रहकर पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाता है। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, आमजन से निरंतर संवाद बनाए रखने और सरकार की योजनाओं की सही जानकारी लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। कहा कि अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव से किया गया कार्य ही संगठन को मजबूती देता है। बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते ज्योति सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की।


**सीवन।** पत्रकारों से बात करती जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला प्रधान संजय सैनी, मार्किट कमेटी के चेयरमैन शमशेर सैनी, सुधीर मिढा, सीवन मंडल अध्यक्ष परवीन रसूलपुर, पार्षद विकास शर्मा, पार्षद मनीष कामरा, ओम प्रकाश मुटरेजा, विकी ग्रोवर, कुमारी संगीता, राजीव शर्मा सहित कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निर्धारित सीमा में ही रेहड़ी लगाने के निर्देश

**कैथल।** नई सब्जी मंडी कैथल में पहले से लगाई गई पीली पट्टी व्यवस्था का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कैथल यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैफिक जाम की समस्या से बचाव के लिए रेहड़ी संचालकों को निर्धारित सीमा में ही रेहड़ी लगाने के निर्देश दिए गए। वीरवार को ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सतपाल सिंह द्वारा सब्जी मंडी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी रेहड़ी संचालकों को समझाया गया कि पीली पट्टी के बाहर किसी भी प्रकार की रेहड़ी न लगाई जाए, ताकि मार्ग अवरुद्ध न हो और वाहनों की आवाजाही सुचारू बनी रहे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की इस दौरान ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सतपाल सिंह ने कहा कि नई सब्जी मंडी क्षेत्र में पीली पट्टी पहले से ही ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाई गई है, लेकिन कई बार इसके उल्लंघन के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए रेहड़ी संचालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीली पट्टी का उद्देश्य किसी का व्यापार रोकना नहीं।



**कैथल।** प्रधानाचार्य अंजु तलवाड के साथ विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### जरूरतमंदों को शिक्षण सामग्री वितरित की

**कैथल ।** ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर की गतिविधियों के अंतर्गत छठे दिन का प्रारंभ प्रतिदिन की तरह पतंजलि योगपीठ से आमंत्रित योगाचार्य रामचरण द्वारा कराए गए योगाभ्यास के साथ हुई। योगाभ्यास के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय में स्थित पौधों की सिंचाई गई और 'वृक्ष हमारे जीवन हैं • ऐसे कल्याणकारी और पवित्र भाव बच्चों के मन मस्तिष्क में दृढ़ किए गए। आज के वक्तव्य सत्र में प्रमुख समाज सेवक श्री विजेंद्र सिंह जी ने बच्चों को समाज सेवा करने के लाभ और साधनों के बारे में बताया, जिसे बच्चों ने तन्मयता से सुना और इन्हें अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय में गतिविधियों के आयोजन के पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में कार्यक्रम में संलग्न अध्यापक वर्ग के साथ स्वयं सेवकों की पूरी टीम स्लम एरिया में रहने वाले गरीब परिवारों के बीच में जाकर गर्म कपड़े और जरुरी घरेलू वस्तुओं के साथ खाद्य सामग्री का वितरण भी किया। क्यूंकि यहां पर शिक्षण कार्य भी किया जाता है इसलिए उनको लेखन सामग्री के साथ साउंड सिस्टम भी प्रदान किया गया जिससे उनका शिक्षण कार्य सुगम बनाया जा सके। तलवाड़ ने बताया कि इन कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज की दशा के बारे में अवगत कराना तथा उन के विकास में सहयोग करना है।

### मार्च में होगा 6वां श्याम फाल्गुन महोत्सव : मैहला

**पूंडरी।** श्री श्याम मित्र मंडल फतेहपुर-पूंडरी के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक रेस्ट हाउस पूंडरी में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी मार्च माह में आयोजित होने वाले 6वें विशाल श्याम फाल्गुन महोत्सव की रूपरेखा तय करना और आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा करना रहा। जानकारी देते हुए मंडल सदस्य एवं भगत डॉ. बलविंद्र मैहला संगरोली ने बताया कि बैठक में महोत्सव की तिथि, कार्यक्रम की संरचना, भजन संध्या, ज्योति प्रचंड, झांकियां, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग और प्रसाद वितरण सहित सभी व्यवस्थाओं पर गहन मंथन किया गया। सभी सदस्यों ने एकमत से यह निर्णय लिया कि इस बार का फाल्गुन महोत्सव पहले से भी अधिक भव्य होगा और इसमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्याम भक्तों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।


**पूंडरी।** बैठक के दौरान श्री श्याम मित्र मंडल फतेहपुर-पूंडरी के सदस्य।


**कैथल।** ग्रामीणों को जागरूक करती पुलिस। फोटो :हरिभूमि

### नशे से दूर रहने की अपील की

**कैथल ।** नशा जागरूकता टीम द्वारा गांव थेह बनेडा, डण्डोत, बाउपुर, सौंगलपुर, मैंगडा व सलीमपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के दौरान पुलिस टीम ने युवाओं, महिलाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा नशे से दूर रहने की अपील की। नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही रेखा व सोनिया, तथा एसपीओ राजपाल, प्रदीप कुमार और जसविंदर ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाता है, साथ ही पारिवारिक कलह, आर्थिक तंगी एवं अपराध को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे स्वयं नशा न करें और अपने बच्चों व आसपास के युवाओं को भी नशे से दूर रखें।

### यूथ क्लब के गठन के लिए आगे आएं युवा : अजय

**कलायत।** एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं को सामाजिक और ग्रामीण विकास से जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। जिला के सभी गांवों में युवा और युवती मंडलों (यूथ क्लब) का गठन किया जाना है। मंडल के गठन के लिए युवा आगे आएं और सामाजिक बुराइयों के खात्मे और राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं। इसके साथ साथ सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अपने गांव लोगों को अवगत करवाए। एसडीएम ने बताया कि सरकार के नए नियमानुसार अब क्लब गठन की प्रक्रिया को बहुत सरल बना दिया गया है। युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए गठन की फीस को घटाकर अब मात्र 100 रुपये कर दिया गया है। प्रत्येक जिले में एक कमेटी का गठन किया गया है जो इन मंडलों के गठन की निगरानी करेगी। प्रत्येक मंडल में कम से कम 10 और अधिकतम 20 सदस्य होंगे। सभी सदस्यों की आयु 1 अप्रैल 2025 के अनुसार 15 से 29 वर्ष के बीच होनी अनिवार्य है। यदि कोई सदस्य 29 वर्ष से अधिक का होता है, तो 15 दिन के भीतर नया सदस्य चुनना होगा।

**सूचना**

मैं, देवी राम पुत्र रणधीर सिंह निवास घिमाणा तह. व जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरी बेटी मोनी मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**न्यायालय तहसीलदार कम सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द।**

मैं **सूरज प्रकाश (आधार नं. 5655 9429 7529)** पुत्र रामचन्द्र उर्फ रामचन्द्र ब्रहमानन्द निवासी **झांझ गेट जीन्द जिला जीन्द हाल निवासी गली न. 14** त्रिपूरा टाउन पटियाला पंजाब

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता महन्त रामचन्द्र उर्फ रामचन्द्र ब्रहमानन्द पुत्र स्व. सरनीदास का स्वर्गवास दिनांक 30.10.1989 को हो चुका है। मेरी मां करतार कौर पत्नी रामचन्द्र उर्फ रामचन्द्र ब्रहमानन्द का स्वर्गवास पहले ही हो चुका है।

3 यह है कि महन्त रामचन्द्र उर्फ रामचन्द्र ब्रहमानन्द पुत्र स्व. सरनीदास का कानूनी वारसान निम्नलिखित हैः-

| क्र. | नाम | मृतक के साथ रिलेशन |
|---|---|---|
| 1 | सूरज प्रकाश | पुत्र |

4 उक्त के अलावा महन्त रामचन्द्र उर्फ रामचन्द्र ब्रहमानन्द पुत्र स्व. सरनीदास के अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसके लिए हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिश/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक व एतराज हो तो वह स्वंय अभिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 08.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

**हस्ता/- सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द**

## खंड स्तर की निर्णायक टीम ने 24 दिसंबर 2025 को विद्यालय का दौरा किया था

# मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में राजकीय स्कूल सैर प्रथम

*इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

सीवन खंड स्तर पर आयोजित मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ है। खंड स्तर की निर्णायक टीम ने 24 दिसंबर 2025 को विद्यालय का दौरा किया था। इस दौरान सीवन खंड के विभिन्न राजकीय व निजी विद्यालयों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। निरीक्षण टीम ने विद्यालय में विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल सुविधा, शौचालयों की स्थिति, किचन गार्डन, साफ-सफाई, मिड-डे मील व्यवस्था तथा विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर का गहनता से आकलन किया। सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैर को प्रथम स्थान प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य नरेश कुमार ढुल ने बताया कि खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने से विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत का निरंतर सहयोग विद्यालय को मिल रहा है, जिसके चलते शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ भौतिक सुविधाओं में भी निरंतर सुधार हो रहा है।



**सीवन।** सैर गांव का सरकारी स्कूल।

### बीइओ के मार्गदर्शन में विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर

उन्होंने कहा कि अब विद्यालय जिला स्तर पर मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में भाग लेगा और इसके लिए पूरी तैयारी की जा रही है। खंड शिक्षा अधिकारी अनिल छाबड़ा के मार्गदर्शन में विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विद्यालय की इस उपलब्धि को क्षेत्र के शिक्षाविदों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने सराहा है और सभी ने आगामी जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस सफलता में विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ढुल के नेतृत्व में समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसमें राजेश कुमार, रघुवीर सिंह, देवेंद्र शर्मा, राजकुमार रहेजा, ऋषिपाल, तरसेम सिंह, अनिल कुमार शास्त्री सहित अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों की मेहनत सराहनीय रही। साथ ही ग्राम पंचायत और सरपंच संजीव कश्यप, समाजसेवी रामफल कश्यप तथा एसएमसी प्रधान बलदेव सिंह का सहयोग भी विद्यालय के विकास में अहम रहा।

## खबर संक्षेप

### डीसी से मिले भ्रष्टाचार मुक्ति सेना के पदाधिकारी

**कैथल।** भ्रष्टाचार मुक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी यशवीर आर्य ने सेना की कार्यकारिणी के साथ उपायुक्त के साथ शिष्टाचार भेंट की तथा निम्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। कैथल जिले में बढते भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए तथा नषा मुक्त कैथल जिले को करने के लिए योगा कैम्प लगाए जाये तथा अपराध रोकने के लिए ग्राम व वार्ड स्तर पर निगरान कमेटियां बनाकर जनता को प्रषासन के सहयोग लेना चाहिए।

### महिला से 8.92 लाख रुपये ठगे, मामला दर्ज

**कैथल ।** शहर की आरकेपुरम कॉलोनी निवासी एक महिला को ऑनलाइन ट्रेडिंग में पैसे लगाकर मुनाफा कमाने का लालच दे उससे 8.92 लाख रुपए की साइबर ठगी कर ली। आरोपियों ने पहले सोशल मीडिया पर वर्क फ्रॉम होम का विज्ञापन देकर लालच दिया और फिर डिटेल मांग ठगी की। आरकेपुरम कॉलोनी निवासी दीक्षा ने बताया कि उसने नवंबर माह में इंस्टाग्राम पर एक वर्क फर्म होम का विज्ञापन देखा था। नंबर पर वॉट्सएप के माध्यम से डिटेल भेज दी।

### मजदूरों को लाभों से वंचित कर रही सरकार

**जींद।** भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन प्रदेश सचिव हरिप्रकाश ने कहा कि पिछले कई महीनों से एचबीओसीडब्ल्यू की साइट सरकार ने बंद कर रखी है। बहाना घोटाले की जांच करना है। जबकि जांच साइट चालू रहते की जा सकती है। मगर निर्माण मजदूरों का कोई काम नहीं किया जा रहा। हित लाभ के नए फार्म जमा नही किए जा रहे। नए श्रमिकों का पंजीकरण बंद है। सदस्यता रिन्यूअल नहीं हो रहा।

### मंडवाल रोड को जाने वाली गली में जमा कीचड़

**राजौंद।** नगर पालिका कार्यालय के साथ-साथ पैक्स वार्ड नंबर 3 व 4 मंडवाल रोड को जाने वाली गली में भरे कीचड़ से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वार्ड निवासी विशाल, विनोद, कुशल, श्याम, सुंदर ने बताया कि सीवरेज की पाइपलाइन दबाने के बाद इसकी स्थिति और भी बद से बदतर हो गई है। लोगों ने बताया कि पूरे नगर की गलियों को संबंधित विभाग द्वारा सीवरेज की पाइपलाइन दबाने के लिए उखाड़ कर रख दिया है।

## डीसी ने निडाना के पीएचसी व जलघर का किया निरीक्षण

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की स्थिति मिली गंभीर

लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। निरीक्षण करते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

जनसुरक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा द्वारा गांव निडाना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जलघर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित स्थलों की स्थिति का गहन अवलोकन किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की वर्तमान स्थिति गंभीर पाई गई। भवन में सीलन, दीवारों व छत में दरारें, फर्श की जर्जर अवस्था तथा प्रकाश एवं वायु संचार की अपर्याप्त व्यवस्था को देखते हुए उपायुक्त ने मरीजों, विशेषकर महिला एवं बाल मरीजों, चिकित्सीय स्टाफ तथा आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत तत्काल एहतियाती कदम उठाने के सख्त निर्देश दिए। जनहित एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिए कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अस्थायी रूप से किसी सुरक्षित सामुदायिक भवन अथवा धर्मशाला में स्थानांतरित किया जाए। इस संबंध में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को दो दिन के भीतर पंचायत से प्रस्ताव पारित करा कर अस्थायी स्थानांतरण की प्रक्रिया पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पंचायती राज विभाग के कार्यकारी अभियंता को निर्देश दिए गए हैं कि अस्थायी स्थान पर ओपीडी, जांच, दवा वितरण तथा महिला एवं बाल मरीजों के उपचार के लिए आवश्यक अस्थायी विभाजित कैबिनों का निर्माण शीघ्र करवाया जाए ताकि चिकित्सीय सेवाएं सुरक्षितए सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकें। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को भी निर्देश दिए कि उनकी प्रत्यक्ष निगरानी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अस्थायी स्थान पर शीघ्र शिफ्ट किया जाए तथा वहां आवश्यक चिकित्सीय उपकरण, दवाइयां, फर्नीचर, अभिलेख एवं स्टाफ की सुरक्षा से संबंधित समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निडाना के निर्माणाधीन नए भवन के कार्य में तेजी लाने तथा नियमित निगरानी करते हुए प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर जिला प्रशासन को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश

उपायुक्त द्वारा गांव निडाना स्थित जलघर का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जलघर परिसर एवं वहां स्थित तालाबों की स्थिति का अवलोकन किया गया। उपायुक्त ने जलघर परिसर में साफ.-सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि तालाबों के आसपास उगी अनावश्यक घास व झाडियों को तुरंत हटवाया जाए तथा तालाब के पानी की नियमित सफाई एवं उचित रख.रखाव सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलघर परिसर की नियमित निगरानी, साफ.-सफाई तथा आवश्यक मरम्मत के लिए स्थायी व्यवस्था लागू की जाए ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित विभाग को समयबद्ध रूप से सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे गांववासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की निरंतर आपूर्ति बनी रहे। निरीक्षण के दौरान जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संदीप भारद्वाज, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुरेंद्र खत्री, उपमंडल अभियन्ता सतीश कुमार, सरपंच भूपेंद्र, आदि मौके पर उपस्थित रहे।

# कलायत पुलिस स्टेशन में अधिकारियों की प्रोग्रेस रिपोर्ट धीमी चल रही

- दो माह पहले दुर्घटना में जान गंवाने वाले युवक के परिजनों को कार्यवाही की इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



कलायत के मृतक युवक अजरानंद की फाइल फोटो

जिला पुलिस प्रशासन को कलायत पुलिस स्टेशन में तैनात जांच अधिकारियों की जांच गति बढ़ाने के लिए कड़े निर्देश देने की जरूरत है। ऐसे कई मामले लंबित बताए जा रहे हैं जिनमें पुलिस जांच कार्यवाही में सफलता से काफी दूर है।

इसका एक उदाहरण पुलिस स्टेशन के पास रहने वाले शिक्षा विभाग से रिटायर्ड प्रधानाचार्य हरवीर शास्त्री बने हैं। उनके 20 वर्षीय बेटे अजरानंद की 8 नवंबर को मटौर-लोधर मार्ग पर कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल के पास सडक़ हादसे में मौत हो गई थी। घटना के समय युवक अपने दोस्त के साथ घर लौट रहे थे। हादसे में युवक अजरानंद की दर्दनाक मौत हुई। जबकि दो साथी घायल हो गए थे। हरवीर शास्त्री के अनुसार मटौर गांव के पास पराली से लोडिड ट्रैक्टर-ट्राली ने युवाओं को अपनी चपेट में ले लिया। थोड़ा संभलने के बाद एक घायल युवक ने घटना की सूचना परिवार के लोगों को दी।

### आरोपी वाहन चालक का सुराग नहीं

घटना के संबंध में पुलिस जांच अधिकारी मनीष कुमार नागरिक अस्पताल में पहुंचे थे। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस घटना में शामिल वाहन को तलाश नहीं पाई है। न तो बारीकी से सीसीटीवी खंगाले गए न सीडीआर ली गई। घटना को लेकर रिटायर्ड प्राचार्य हरवीर शास्त्री का परिवार सहमा है। मृतक अजरानंद के माता-पिता, भाई व बहन सहमें हैं। परिजनों ने मुख्यमंत्री और एसपी से कार्यवाही की मांग की है।

# हरियाणा में नायब सैनी सरकार का 'क्राइम राज': रणदीप सुरजेवाला

- बोले, भाजपा ने विकास के 'ग्रोथ इंजन' हरियाणा को अपराध की आग में झोंक दिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



रणदीप सुरजेवाला

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज भाजपा शासित हरियाणा में बढ़ते अपराधों पर कड़ा हमला बोलते हुए नायब सैनी सरकार को 'निकम्मी' और 'नकारा' करार दिया। सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की 'कुंभकर्णी नींद' ने प्रदेश को 'क्राइम सेंटर' में बदल दिया है, जहां हर रोज रंगदारी, फिरौती, हत्याएं और दुष्कर्म जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत जिम्मेदारी निभाए और अपराधियों पर काबू पाए।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि भाजपा की नाकारा सरकार में हरियाणा का हर कोना अपराध के कोहरे में डूबा हुआ है। कुरुक्षेत्र में एक व्यक्ति की गर्दन काटकर हत्या कर शव झाड़ियों में फेंक दिया गया। करनाल में भाजपा नेता और नई अनाज मंडी के प्रधान सुरेंद्र त्यागी से बदमाशों ने दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगी और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। क्या भाजपा के अपने नेता भी सुरक्षित नहीं? अगर उनके कार्यकर्ताओं की जान-माल खतरे में है, तो आम जनता का क्या हाल होगा? उन्होंने कहा कि पानीपत में चार हत्याओं और दो रंगदारी की घटनाओं ने दहशत फैला दी है, जिसमें एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या का जघन्य अपराध शामिल है। सुरजेवाला ने जोर देकर कहा कि यह एक-दो घटनाएं नहीं, बल्कि हर दिन का हाहाकार है। भाजपा ने विकास के 'ग्रोथ इंजन' हरियाणा को अपराध की आग में झोंक दिया है।



ढांड। स्वामी आत्मानंद सरस्वती स्वयंसेवकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### सेवा भाव से व्यक्तित्व का विकास: स्वामी आत्मानंद

**ढांड।** बरोट-बंदराणा स्थित शहीद ए.सी. विकास भारद्वाज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर स्वामी आत्मानंद सरस्वती (गुरु ब्रह्मानंद आश्रम, बंदराणा), एनएसएस जिला संयोजक एवं स्टेट अवॉर्डी विजेंद्र, तथा ग्रामीण युवा विकास मंडल टीक के अध्यक्ष एवं पूर्व नेशनल यूथ वॉलंटियर (नेहरू युवा केंद्र, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुभाष चंद ने की। कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार ने शिविर के सात दिनों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शिविर के दौरान कराई गई गतिविधियों बताई। मुख्य वक्ता कृष्ण टीक ने विद्यार्थियों को रियल लाइफ और रील लाइफ के अंतर को समझाते हुए हीरोज बनने के बजाय समाज में उदाहरण और रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में स्वामी आत्मानंद सरस्वती ने विद्यार्थियों को दिनचर्या, दृढ़ संकल्प, लक्ष्य निर्धारण और सेवा भाव के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सेवा मन को पवित्र, सरल और सहज बनाती है तथा यही गुण एक सशक्त व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं।

# 10 को एआई आधारित अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का होगा शुभारंभ

- डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा होंगे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे राजकुमार भोला व राजकुमार गोयल।

महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से एआई आधारित अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का उद्घाटन 10 जनवरी को अर्बन स्टेट में किया जाएगा।

इस समारोह में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जबकि भाजपा नेता कैप्टन योगेश बैरागी, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार गोयल, डिप्टी सीएमओ डा. राजेश भोला विशिष्ठ अतिथि होंगे। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला द्वारा किया जा रहा है। समारोह में कंप्यूटर लैब के उदघाटन के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डिजिटल स्किल्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर सफल हुए विद्यार्थियों को प्रमाण.पत्र भी वितरित किए जाएंगे। राजकुमार भोला ने बताया कि इस लैब में युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल लिटरेसी एवं आधुनिक कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम नई शिक्षा नीति के अनुरूप ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से संचालित होंगे।



उचाना। एसडीएम के नाम लिखे पत्र को दिखाते हुए ग्रामीण।

### दुकान में आगजनी से हुए नुकसान के मुआवजे की मांग को लेकर एसडीएम से मिलेंगे लोधर के ग्रामीण

**उचाना।** लोधर में दुकान में लगी आग से हुए लाखों के नुकसान के मुआवजा की मांग के लिए ग्रामीण एसडीएम उचाना दलजीत सिंह से 9 जनवरी को मिलेंगे। नंबदार स्वीटस के मालिक संदीप ने बताया कि लोधर के किठाना रोड पर नंबरदार स्वीटस के नाम से दुकान है। 4 जनवरी को सुबह अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई। आग का बूझाने के लिए नरवाना, उचाना से फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर दमकल विभाग के कर्मी भी पहुंचे थे। आग पर जब तक काबू पाया गया पूरी दुकान का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने से करीब 70 से 80 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। हमारे परिवार के पालन-पोषण का ये ही एकमात्र जरिया था। आगजनी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा की मांग एसडीएम से मिलकर करेंगे ताकि परिवार का पालन-पोषण करने के साथ-साथ अपने काम को दोबारा से शुरू कर सकूं।

# केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ होगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल

- सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। कर्मचारियों को संबोधित करते शिवचरण। फोटो :हरिभूमि

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की बैठक जवाहर पार्क स्थित संगठन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान ओमपाल भाल ने व संचालन जिला सचिव शिवचरण ने किया। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी हेतु कल दिल्ली में ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी फेडरेशनों व सयुक्त किसान मोर्चा की अखिल भारतीय कन्वेंशन,15 को जींद में महापंचायत व 19 जनवरी को जोरदार प्रदर्शन करते हुए हड़ताल का नोटिस दिया जाएगा। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला कैशियर रामफल दयोहरा, जिला वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम, सावित्री देवी व रमेश हरित ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लॉन्च की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत सभी विभागों को निजी हाथों में देने की मुहिम तो तेज कर दिया है, जिसे बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा क्योंकि असली मायनों में सार्वजनिक विभागों को मजबूत करके ही देश को विकसित किया जा सकता है।



कलायत। कलायत में विभागीय अधिकारियों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीण खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**कलायत।** महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा द्वारा पोषण ट्रेकर पोर्टल पर बेहतर कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत शीर्ष अधिकारियों के निर्देश पर कलायत की सीडीपीओ शशीबाला पचार ने उनके अधीन आने वाले प्रत्येक विभागीय सर्कल से 2-2 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के दौरान उन्हें यह सम्मान खिलाड़ियों की मौजूदगी में दिया गया। सीडीपीओ ने बताया कि पोषण ट्रेकर में एनएनपी डेटा, हाईट-वेट, आंगनबाड़ी वर्कर द्वारा आन लाइन सेंटर ओपन करना व घरों की यात्रा जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल रहते हैं। यह डिजिटल प्रणाली की दिशा में एक मजबूत कदम है। इसलिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस ट्रेकर से जोडऩे एवं जागरूक करने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है।

# सीवरेज पाइपलाइन के लिए खुदाई का कार्य चलने से ग्रामीण परेशान

- कछुआ चाल से चल रहे कार्य से दुकानदारों का धंधा भी चौपट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। असंध कैथल मार्ग पर जे सी बी मशीन के साथ सड़क की खुदाई करते हुए व रोड़ पर लगा लंबा जाम। फोटो :हरिभूमि

राजौंद के कैथल असंध मार्ग पर दादा खेड़े के पास सीवरेज की पाइपलाइन के लिए खुदाई का कार्य चलने से लोगों को बहुत परेशानी आ रही है। लगभग चार महीना से सड़क पर यह खुदाई का कार्य चल रहा है। जिससे लोगों को पहले उस साइड की खुदाई में भारी दिक्कत हुई और अब इस साइड की खुदाई में लोग परेशान हो रहे हैं। आलम यह है कि कई बार तो ऐसा लंबा जाम लगता है कि खाली व्यक्ति भी मार्ग से नहीं गुजर सकता और लोगों को जाम में फंसे रहने को मजबूर होना पड़ता है। जन स्वास्थ्य विभाग के कछुआ चाल चल रहे कार्य ने नगर के दुकानदारों का धंधा भी पूरी तरह चौपट करके रख दिया है। आए दिन दुकानों के आगे किसी न किसी साइड में खुदाई होने से दुकानदारों का धंधा भी प्रभावित हो रहा है। क्योंकि सड़क टूटी होने के कारण कोई रास्ता नहीं होता,एक साइड में खुदाई होने से व दूसरी साइड में रास्ता न होने से लोग बहुत परेशान हो रहे हैं। लोगों ने कहा कि आधा किलोमीटर के टुकड़े पर चार माह बीत चुके हैं ।

### उचाना में बनेगा गुरु सुदर्शन द्वार

**उचाना।** नगर पालिका कार्यालय में पार्षदों की मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता चेयरमैन विकास काला ने की। पार्षदों द्वारा अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को रखा। समस्याओं के प्रमुख रूप से गली निर्माण रहा। सर्वसम्मति से मीटिंग में रखे गए सभी प्रस्तावों को पारित किया गया। शहर में गुरू सुदर्शन द्वार बनाने के साथ-साथ बाबा दूधाधारी चौक, विश्वकर्मा चौक, उचाना कलां में खिलाड़ियों के मैदान में खेल संबंधित सुविधाएं मुहैय्या करवाना, नपा एरिया में अलग-अलग जगहों पर पक्षियों के लिए राम श्याम महावीर जैन पक्षी बसेरे, नगर पालिका परिसर में 50 फीट का तिरंगा लगाने के साथ लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर पेंट करवाने सहित छत्त लगाने, विभिन्न वार्डों की करीब 20 गलियों के निर्माण के लिए प्रस्ताव हाऊस की मीटिंग में सर्वसम्मति से पारित किए गए। विकास काला ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य सभी वार्डों में करवाया जा रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## सरकार किसानों और कृषि मजदूरों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : सैनी

# कृषि दुर्घटनाओं के पीड़ितों को बांटे आर्थिक सहायता के चेक

सरकार ने किसान हितैषी नीतियों को धरातल पर उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



सीवन। सहायता राशि के चेक वितरित करती भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी।

मार्केट कमेटी सीवन के कार्यालय में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि कार्यों के दौरान जान गंवाने वाले किसानों व कृषि मजदूरों के परिजनों तथा कृषि कार्यों में दुर्घटना का शिकार होकर अंग भंग होने वाले किसानों व मजदूरों को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिला कैथल की अध्यक्ष ज्योति सैनी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्केट कमेटी सीवन के चेयरमैन शमशेर सैनी व वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि केंद्र व हरियाणा सरकार किसानों और कृषि मजदूरों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। खेतों में कार्य करते समय होने वाली दुर्घटनाएं अत्यंत दुखद होती हैं और ऐसे समय में पीड़ित परिवारों को आर्थिक संबल देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार ने किसान हितैषी नीतियों को धरातल पर उतारा है।

### ये रहे उपस्थित

*मार्केट कमेटी सीवन के चेयरमैन शमशेर सैनी व वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल ने मुख्य अतिथि ज्योति सैनी का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत व धन्यवाद किया। अपने संयुक्त बयान में उन्होंने बताया कि गांव ककराला इनायत के किसान जगदीप सिंह की कृषि कार्यों के दौरान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, जिसके परिजनों को सरकार की ओर से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक आज प्रदान किया गया है। सरकार की यह योजना किसानों व कृषि मजदूरों के लिए बड़ी राहत है, जिससे पीड़ित परिवारों को समय पर सहायता मिल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी मार्केट कमेटी किसानों व मजदूरों के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में मार्किट कमेटी के चेयरमैन शमशेर सैनी, वाइस-चेयरमैन विक्रम मुंजाल, सीवन मंडल अध्यक्ष परवीन रसूलपुर, कृषण आनंद, कुमारी संगीता, मेवा राम, सचिव मंजीत सिंह, मार्केट कमेटी के सदस्य, भाजपा पदाधिकारी, लाभार्थी परिवारों के सदस्य तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*